प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

14.01.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

" मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को बताया सरकार की प्राथमिकता, कहा– स्टेट न्यूट्रिशन पॉलिसी बनाएगी राज्य सरकार।
- चिट्टे की रोकथाम पर चर्चा को लेकर प्रदेश की पंचायतों में 21 व 22 जनवरी को होंगी विशेष बैठकें–पंचायतों में चलाए जाएंगे जागरूकता अभियान।
- धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व–तत्तापानी सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने किया पवित्र स्नान।
- सेवानिवृत्त सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को किया गया सम्मानित– शिमला में पूर्व सैनिकों के लिए कल से शुरू होगा कॉमन सर्विस सेंटर।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार बच्चों, किशोरियों, गर्भवती और धात्री माताओं को संतुलित व पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए स्टेट न्यूट्रिशन पॉलिसी बनाएगी। उन्होंने आज शिमला में स्वास्थ्य सुरक्षा व विनियमन विभाग की समीक्षा बैठक में बताया कि खा़द्य पदार्थों की गुणवता व समयबद्ध जांच के लिए पहले चरण में मंडी, कांगड़ा, बद्दी और शिमला में क्षेत्रीय प्रयोगशालाएं स्थापित की जाएंगी, जबकि दूसरे चरण में सभी ज़िलों में ऐसी प्रयोगशालाएं खोली जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि सोलन ज़िले के कंडाघाट स्थित कम्पोजिट टैस्टिंग प्रयोगशाला विश्व स्तरीय तकनीक से लैस की जाएगी। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थों में पोषक तत्वों की कमी व कीटनाशकों के कारण लोगों में बीमारियां बढ़ती जा रही है और राज्य सरकार इसके समाधान के लिए प्रयास कर रही है।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि चिट्टे के खिलाफ राज्य सरकार निर्णायक लड़ाई लड़ रही है और 21 व 22 जनवरी को प्रदेशभर की पंचायतों में विशेष बैठकें होंगी जिनमें चिट्टे की रोकथाम को लेकर चर्चा की जाएगी। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों की 2 सौ 64 पंचायतें चिट्टे की अधिक चपेट में है और इनमें विशेष जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे। अनिरूद्ध सिंह ने बताया कि नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए खेलों का आयोजन भी किया जाएगा।

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह द्वारा बाहरी राज्यों के अधिकारियों को लेकर दिए गए ब्यान को अनिरूद्ध सिंह ने दुर्भाग्यपूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि अपनी गलतियों का ठीकरा अधिकारियों पर फोड़ना सही नहीं है और मंत्रियों को काम लेना आना चाहिए।

मकर संक्रांति

प्रदेश भर में आज मकर संक्राति का पर्व श्रद्धा व आस्था के साथ मनाया गया। लोगों ने स्थानीय मंदिरों व धार्मिक स्थलों पर पूजा–अर्चना और घाटों पर पवित्र स्नान किए। तत्तापानी में मनाए जा रहे लोहड़ी मकर संक्रांति मेले के दूसरे दिन आज राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मेले में आज श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने गर्म पानी के चश्मों में स्नान किया। जगत सिंह नेगी ने इस मौके पर करसोग क्षेत्र को 6 सौ करोड़ रुपये के शिवा प्रोजेक्ट में शामिल करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि तत्तापानी में लुप्त हो रहे गर्म पानी के चश्मों को फिर से बहाल करने को लेकर व्यापक योजना बनाई जाएगी।

सेना मुख्यालय

शिमला स्थित सेना प्रशिक्षण कमान मुख्यालय में आज 10वें सेवानिवृत्त सैनिक दिवस पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों और उनके परिजनों ने भाग लिया। आरट्रैक के चीफ ऑफ स्टाफ लैफि्टनेंट जनरल सुकृति सिंह दहिया ने समारोह की अध्यक्षता

की और पूर्व सैनिकों को सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्त सैनिक दिवस मनाने का उद्देश्य पूर्व सैनिकों व उनके परिजनों के कल्याण को लेकर चर्चा और उनकी समस्याओं का समाधान करना है। दहिया ने बताया कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवार के लिए शिमला में कल से कॉमन सर्विस सेंटर की शुरूआत की जा रही है।

हैलीटैक्सी

केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत शिमला से रिकांगपिओ के लिए अब हैलीटैक्सी सेवा 20 जनवरी से शुरू की जाएगी। किन्नौर के उपायुक्त अमित कुमार शर्मा ने आज रिकांगपिओ में बताया कि आज किसी कारण से हैलीटैक्सी सेवा शुरू नहीं हो सकी। उन्होंने कहा कि इस सेवा से आपात समय और आपदा के दौरान लोगों को विशेष लाभ मिलेगा। उपायुक्त ने बताया कि हैलीटैक्सी में एक बार में 6 लोग यात्रा कर सकेंगे और शिमला से रिकांगपिओ तक का प्रति व्यक्ति किराया लगभग 4 हजार रुपये होगा।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने आज सोलन ज़िले के अर्की में अग्निकांड घटनास्थल का दौरा कर राहत व बचाव कार्य का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार दुख की इस घड़ी में पीड़ितों के साथ खड़ी है और उन्हें हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए एहतियाती उपाय अपनाने जरूरी है और आपात स्थिति की तैयारी को लेकर सभी विभागों को उचित दिशा–निर्देश जारी किए जाएंगे। विक्रमादित्य सिंह ने बताया कि अर्की शहर के लिए 11 करोड़ रुपये की अमृत–2 योजना मंजूर की गई है और इसके तहत शहर में हाईड्रेंट का प्रावधान भी किया जाएगा।

पैराकर्मी

जल शक्ति विभाग के पैरा कर्मियों ने राज्य सरकार से उन्हें नियमित करने को लेकर 8 की बजाए 5 वर्ष की पॉलिसी बनाने की मांग की है। कर्मचारी संघर्ष मोर्चा व पैरा कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमन शर्मा ने आज धर्मशाला में एक पत्रकार वार्ता में कहा कि जल शक्ति विभाग में पैरा पम्प ऑपरेटर व पैरा फिटर वर्ष 2017 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं लेकिन इन्हें अभी तक नियमित नहीं किया गया है।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- मुख्यमंत्री ने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को बताया सरकार की प्राथमिकता, कहा– स्टेट न्यूट्रिशन पॉलिसी बनाएगी राज्य सरकार।
- चिट्टे की रोकथाम पर चर्चा को लेकर प्रदेश की पंचायतों में 21 व 22 जनवरी को होंगी विशेष बैठकें–पंचायतों में चलाए जाएंगे जागरूकता अभियान।
- धार्मिक श्रद्धा के साथ मनाया गया मकर संक्रांति का पर्व–तत्तापानी सहित अन्य स्थानों पर लोगों ने किया पवित्र स्नान।
- सेवानिवृत्त सैनिक दिवस पर पूर्व सैनिकों व वीर नारियों को किया गया सम्मानित– शिमला में पूर्व सैनिकों के लिए कल से शुरू होगा कॉमन सर्विस सेंटर।